**लापरवाही** ▶ जर्जर दीवार और ड्रेनेज व्यवस्था पर सवाल

## नए सत्र की दस्तक, लेकिन तैयारियां अधूरी






**नवभारत , जबलपुर ।** गर्मी की छुट्टियों के बाद शहर के सरकारी स्कूलों में फिर से बच्चों की चहल-पहल शुरू होने वाली है। एक ओर शिक्षा विभाग नए सत्र की तैयारियों के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी ओर नवभारत टीम द्वारा विभिन्न शासकीय विद्यालयों में की गई पड़ताल ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कई स्कूलों में अभी भी बारिश से पहले होने वाले जरूरी कार्य अधूरे पड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुविधाओं को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का कार्य अधूरा

जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कई स्कूलों में वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) सिस्टम का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है। कहीं निर्माण कार्य चल रहा है तो कहीं योजना केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है।

### बारिश से पहले नहीं हुई पूरी तैयारी

मानसून की दस्तक से पहले स्कूल परिसरों में ड्रेनेज सिस्टम की सफाई, मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त होना जरूरी है, लेकिन कई स्कूलों में यह कार्य अधूरा मिला। कुछ विद्यालयों में परिसर के भीतर पानी भरने की आशंका भी बनी हुई है।

### पेड़ों की छंटाई बाकी

स्कूल परिसरों में वर्षों पुराने पेड़ मौजूद हैं। कई स्थानों पर सूखी झाड़ी और झुकी हुई टहनियां देखी गईं, जिनकी कटाई-छंटाई अब तक नहीं हो पाई है। बरसात और तेज हवाओं के दौरान यह विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं।

### स्कूल की पिछली दीवार बनी चिंता का विषय

स्कूल के पिछले हिस्से में स्थित बाउंड्री वॉल की स्थिति भी चिंताजनक नजर आई। दीवार में कई जगह बड़ी दरारें दिखाई दीं, जिससे इसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बरसात के मौसम में दीवार को और नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो यह विद्यार्थियों और आसपास के लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है।

**▶ इनका कहना है**



स्कूल परिसर में चल रहे कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जा रहा है । विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

**प्राचार्य**
**रुक्मणि कनोजिया , एम. एल. बी स्कूल**

## चाकूबाजी में तीन घायल

**नवभारत,जबलपुर।** धारताल और रांझी थाना क्षेत्रों में चाकूबाजी हुई। जिसमें ठेकेदार समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है । अधारताल पुलिस ने बताया कि विक्की उर्फ रिंकू यादव (24) निवासी ऋषि नगर, करौंदा का प्राइवेट कर्मचारी है। वह रात में काम खत्म कर घर लौट रहा था। दुर्गा मंदिर के पास उसे शानू और नीरज मिले। दोनों ने विक्की को रोककर राजश्री गुटखा मांगा। विक्की ने गुटखा होने से मना किया, तो दोनों विवाद पर उतर आए। विरोध करने पर आरोपियों ने पहले लात-घूंसों से पीटा। इसके बाद नीरज ने जेब से चाकू निकाला और हत्या की नीयत से विक्की की छाती, जांघ और दाहिने हाथ पर कई वार कर दिए। विक्की को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी प्रकार रांझी पुलिस ने बताया कि पुष्पेंद्र रजक (38), निवासी पुराना शोभापुर का ठेकेदारी करता है। पुराना शोभापुर में पुरानी रंजिश को लेकर प्रवीण, पवन और देबू अन्ना पहुंचे और विवाद करने लगे। पवन और देबू अन्ना ने पुष्पेन्द्र को कसकर पकड़ लिया। इसी बीच प्रवीण रजक ने जान से मारने की नीयत से बटनदार चाइना चाकू निकाला और पुष्पेंद्र के पेट पर हमला कर दिया।

## रादुविवि उप कुलसचिव की कर्मचारी से अश्लील डिमांड

**कहा -रुकी हुई वेतन वृद्धि को बहाल कराने पत्नी को पास लाओ, थाने में शिकायत**




**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से वरिष्ठ अधिकारी उप कुलसचिव पवन साहू ने शर्मनाक अमर्यादित और अश्लील डिमांड कर दी। कर्मचारी का आरोप है कि रुकी हुई वेतन वृद्धि को बहाल करने के एवज में अधिकारी ने कहा, पत्नी को पास लाओ, संबंध बनाने में अच्छा लगेगा। पीड़ित ने इस मामले की लिखित शिकायत सिविल लाइन थाने, विश्वविद्यालय के कुलसचिव से करते हुए न्याय और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विगत कई वर्षों से विश्वविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कार्यरत कर्मचारी की किसी कारणवश विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उनकी दो वेतन वृद्धि रोक दी गई हैं। पीड़ित का कहना है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पारिवारिक भरण-पोषण को देखते हुए उनकी वेतन वृद्धि नहीं रोकी जा सकती। इसी नियम के तहत वे अपनी रुकी हुई वेतन वृद्धि को बहाल कराने की गुहार लेकर विभाग के अधिकारी पवन साहू के पास पहुंचा था। सौंपे गए शिकायत पत्र में पीड़ित कर्मचारी ने उप कुलसचिव पवन साहू पर गंभीर आरोप लगाए कि जब उसने वेतन वृद्धि बहाली की बात की, तो अधिकारी पवन साहू ने मदद के बदले एक आपत्तिजनक और घिनौनी शर्त रख दी। शिकायत के मुताबिक, अधिकारी ने पीड़ित से कहा तुम्हारी वेतन वृद्धि बहाल करवा देंगे, परन्तु तुम अपनी पत्नी को मेरे पास लेकर आओ। क्योंकि तुम्हारी पत्नी वकील है और अच्छी दिखती है, उनसे हमको सम्बन्ध बनाने में अच्छा लगेगा।

### विश्वविद्यालय प्रशासन में हड़कंप

इस शिकायती पत्र के सामने आने के बाद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक गलियारे में हड़कंप मच गया है। महिला अस्मिता और कर्मचारी उत्पीड़न से जुड़े इस मामले में अब हर किसी की नजरें पुलिस, कुलसचिव और विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। वही उप कुलसचिव पवन साहू से जब इस संबंध बात करने संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव करना जरूरी नहीं समझा।

### मानसिक तनाव, सदमे में कर्मचारी

पीड़ित कर्मचारी ने बताया कि इस अमर्यादित मांग को सुनकर वे गहरे सदमे में हैं। कुछ समय पहले ही एक सड़क दुर्घटना में उनके सिर पर गंभीर चोट आई थी, जिसका मानसिक और शारीरिक इलाज अब भी जारी है। इस नाजुक दौर में अधिकारी द्वारा किए गए इस बर्ताव ने उन्हें गहरे डिप्रेशनमें धकेल दिया है। पीड़ित ने कुलसचिव से भी अपने परिवार के सम्मान की रक्षा करने और दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## मकान खुदाई में मिला 12 किलो का विशाल जिंदा बम ले गई सेना, सीओडी में डिफ्यूज



**नवभारत,जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट के नजदीक गदेरी में गत दिवस एक निर्माणाधीन मकान में खुदाई के दौरान मिला 12 किलोग्राम वजनी का जिंदा विशाल सैन्य बम को सेना ने अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद उसे ऑर्डिनेंस डिपो (सीओडी) ले जाया गया जहां जिंदा बम को डिफ्यूज करने की कार्रवाई की गई। विदित हो कि गत दिवस डुमना एयरपोर्ट के पास स्थित ग्राम गदेरी में सुनील यादव के एक प्लॉट पर मकान निर्माण का कार्य चल रहा था। नींव के लिए जब मजदूर जमीन की खुदाई कर रहे थे, तभी अचानक मिट्टी के नीचे एक भारी और संदिग्ध धातु की वस्तु दिखाई दी थी। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह एक विशाल सैन्य बम हैं। पुलिस, बम स्क्वॉड की टीम ने जांच के बाद पुष्टि की कि यह एक यूएक्सओ जिंदा बम है। इस घातक बम की मारक क्षमता करीब 50 मीटर के दायरे तक है। यदि खुदाई के दौरान इस पर कोई भारी चोट लगती या यह अनजाने में ब्लास्ट हो जाता, तो भारी जान-माल का नुकसान हो सकता था। बम काफी पुराना है और लंबे समय से जमीन के नीचे दबा हुआ था। पुलिस और बम स्क्वॉड ने पूरे निर्माण स्थल को सील कर दिया था। खमरिया थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि जिंदा बम को सेना के सुपुर्द कर दिया गया।

## भीषण गर्मी से ट्रांसफार्मर में लगी आग

**तीन पत्ती स्थित नगर निगम कार्यालय के पास शॉर्ट सर्किट से मचा हड़कंप**



**नवभारत, जबलपुर।** शहर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच तीन पत्ती स्थित नगर निगम कार्यालय के पास लगे बिजली ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि अत्याधिक गर्मी और शॉर्ट सर्किट के कारण ट्रांसफार्मर से पहले चिंगारियां निकलीं, जिसके बाद धुआं और आग फैलने लगी। घटना के दौरान सड़क पर मौजूद लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई। ट्रांसफार्मर से उठते धुएं के कारण कुछ देर तक राहगीरों और वाहन चालकों ने दूरी बनाकर रखी। स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी।

### तत्काल बंद की गई सप्लाई

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने बिजली सप्लाई बंद कर स्थिति को नियंत्रित किया। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन व्यस्त सड़क के बीच हुई इस घटना ने बिजली व्यवस्था और रखरखाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ शहर में ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ रहा है, जिसके चलते इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## छत से गिरे बालक की मौत

**जबलपुर ।** गोहलपुर थाना अंतर्गत कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर में छत से गिरे बालक की मौत हो गई। युवक किन परिस्थितियों में गिरा इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार को मडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि सुप्रीत विश्वकर्मा 17 वर्ष निवासी कृष्णा कालोनी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर का रविवार शाम लगभग 5 बजे घर पर छत से अनियंत्रित होकर गिर गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात लगभग 1-20 बजे सुप्रीत विश्वकर्मा की इलाज के दौरान मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया।

## वार्डों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने उठाई आवाज



**नवभारत,जबलपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महाराजपुर के तत्वाधान में अध्यक्ष सुभाष पटेल के नेतृत्व में पोल खोल, हल्ला बोल के तहत सोमवार को नगर निगम 15 नंबर जोन कार्यालय सुहागी में प्रदर्शन कर वार्डों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंप किया गया। उसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर एवं नेता प्रतिपक्ष पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस मोके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजय यादव, पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी पनागर राजेश पटेल, संगीता सिंह, पार्षद मथुरा प्रसाद चौधरी, पार्षद लक्ष्मी लक्ष्मण गोंटिया, प्रवीण चौबे, ब्लॉक अध्यक्ष बनाकर संजय श्रीवास्तव, विष्णु पटेल, विजय यादव, राजेंद्र वाल्मीकि, कमलेश सिंह, शंकर सिंह, अतुल विश्वकर्मा, मधु पाल सेंगर, राजकुमार चक्रवर्ती पप्पू वर्मा, सीताराम, सुमरू कोल, नेम सिंह ठाकुर, राजेश दुबे, रमेश पटेल, सोहन मिश्रा, मोहित झरिया,सानू सिंह, आदि अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## परियट जलाशय कर जलस्तर हुआ कम



**नवभारत,जबलपुर ।** परियट जलाशय, बरगी दायीं तट नहर एवं फगुआ से 54 एमएलडी रांझी जल शोधन संयंत्र से प्रतिदिन सुबह-शाम जलापूर्ति की जाती है। वर्तमान में परियट जलाशय का जलस्तर कम हो गया है जिससे पर्याप्त मात्रा में रॉ-वाटर न मिल पाने एवं बरगी दायीं तट नहर में पर्याप्त मात्रा में जल स्तर न होने से रांझी जल शोधन संयंत्र से दोनों समय सुबह-शाम जलापूर्ति किया जाना संभव नहीं है। उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये 3 जून से रांझी जलशोधन संयंत्र से भरे जानी वाली उच्चस्तरीय टंकियों (कुली हील, संजय नगर अधारताल, शोभापुर, रांझी जलशोधन संयंत्र स्थित ओव्हर हेड टैंक, संजय नगर रावण पार्क रांझी, बजरंग नगर, मुक्तिधाम रांझी इत्यादि) से केवल प्रात:कालीन जलापूर्ति परियट जलाशय के भरे जाने तक की जाएगी। उपरोक्त परिस्थितियों के कारण क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह, 'अन्नू', जल प्रभारी दामोदर सोनी एवं आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार जी ने खेद व्यक्त किया है।

## रेलवे कर्मचारी से 1.38 लाख से अधिक की वसूली का आदेश रद्द


**जबलपुर, नवभारत।** केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, जबलपुर खंडपीठ ने पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के एक वरिष्ठ फिटर के वेतन से 1,38,883 की राशि वसूली करने के रेलवे प्रशासन के आदेश को रद्द कर दिया है। अधिकरण ने रेलवे को आदेश दिया है कि वे आवेदक अर्जुन सिंह यादव के वेतन से अब तक काटी गई पूरी राशि को तीन महीने के भीतर वापस करें। यह आदेश न्यायमूर्ति अखिल कुमार श्रीवास्तव न्यायिक सदस्य एवं मल्लिका आर्य प्रशासनिक सदस्य की पीठ द्वारा मूल आवेदन पर सुनवाई के बाद पारित किया गया है। आवेदक के अधिवक्ता अजय शंकर रायजादा एवं अमित रायजादा ने बताया कि अर्जुन सिंह यादव, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल में वरिष्ठ फिटर के पद पर कार्यरत थे। रेलवे प्रशासन ने उनके वेतन निर्धारण में हुई एक पुरानी त्रुटि का हवाला देते हुए 26 सितंबर 2023 को 1,38,883 की वसूली का आदेश जारी किया था। इस आदेश के तहत नवंबर 2023 के वेतन से 8,170 की पहली किस्त भी काट ली गई थी।

### जारी नहीं किया कारण बताओ नोटिस

आवेदक के अधिवत्ता ने पीठ के समक्ष दलील दी कि रेलवे द्वारा इस वित्तीय वसूली को लागू करने से पहले कर्मचारी को कोई कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया था, जो कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के स्टेट ऑफ पंजाब बनाम रफ़ीक मसीह (व्हाइट वाशर) मामले का हवाला देते हुए बताया कि रेलवे का यह कृत्य इस ऐतिहासिक फैसले के अनुसार, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों से या सेवा-निवृत्ति के करीब पहुंच चुके कर्मचारियों से कई वर्षों बाद की जाने वाली वित्तीय वसूली को कानूनन अमान्य और अनुचित माना गया है ।अधिकरण ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात पाया कि आवेदक का मामला पूरी तरह से रफ़ीक मसीह मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किए गए मापदंडों के दायरे में आता है। ऐसी स्थिति में इतनी बड़ी राशि की वसूली कर्मचारी के लिए अत्यंत कठोर और अन्यायपूर्ण होगी।

## कमर्शियल एलपीजी पर 18 प्रतिशत जीएसटी घटाने की मांग

**ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने सरकार को भेजा स्मरण पत्र**



**नवभारत, जबलपुर।** सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर वैट कम करने से राहत तो मिली, लेकिन कमर्शियल एलपीजी पर लागू 18 प्रतिशत जीएसटी छोटे व्यापारियों व ऑटो चालकों को भारी पड़ रहा है। इस टैक्स को घटाने की मांग को लेकर ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री कार्यालय, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कानून मंत्रालय और सभी मुख्यमंत्रियों को स्मरण पत्र भेजा है। फाउंडेशन अध्यक्ष नितिन सोलंके ने बताया कि इसके पहले 28 मार्च और 9 मई 2026 को भी विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया था।

नितिन के अनुसार गैस कीमत पहले के 55-60 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर अब 100-110 रुपये पहुंच गई है। इस पर 18 प्रतिशत जीएसटी होने से छोटे होटल, रेस्टारेंट संचालकों, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं का बजट बिगड़ गया है और एलपीजी ऑटो-रिक्शा चालकों के सामने आजीविका का संकट है। गैस महंगी होने से भोजन और परिवहन सेवाएं महंगी हुई हैं, जिसका भार मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। नितिन सोलंके के अनुसार दरें किफायती होने से गरीबों के घर का चूल्हा जलता रहेगा तथा राहत मिलने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। फाउंडेशन ने मांग की है कि ईंधन की तरह कमर्शियल एलपीजी पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी दर में तत्काल कटौती की जाए। संस्था ने अपेक्षा की है कि केंद्र व राज्य सरकारें इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेंगी।

## मोबाइल गेम खेलते समय आई लिंक तीन बैंक खातों से 4 .31 लाख पार

**नवभारत,जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत शीतलामाई स्थित एक घर में बच्चों के मोबाइल गेम खेलने के दौरान आई एक अज्ञात लिंक ने एक ही परिवार के तीन बैंक खातों को पूरी तरह से खंगाल दिया। शातिर साइबर ठगों ने किश्तों में कुल 4,31,288 रुपये पार कर दिए। घमापुर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शीतलामाई रोड घमापुर निवासी सौरभ शर्मा (47) ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके बड़े भाई सिरीश शर्मा का मोबाइल घर पर रखा हुआ था। 24 मई को घर के बच्चे उस मोबाइल पर गेम खेल रहे थे। इसी दौरान स्क्रीन पर कोई अज्ञात लिंक आई, जिसे बच्चों ने अनजाने में क्लिक कर दिया। इस एक क्लिक से मोबाइल हैक हो गया और ठगों को बैंक खातों का एक्सेस मिल गया। पीड़ित के भाई का मोबाइल नंबर तीन अलग-अलग बैंक खातों से लिंक था। जब खातों से पैसे कटने के मैसेज लगातार आने शुरू हुए, तब परिवार के होश उड़ गए। अज्ञात जालसाज ने चालाकी से कुल 4,31,288 रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब साइबर सेल की मदद से उन बैंक खातों और आईपी एड्रेस को ट्रैक कर रही है, जहां यह रकम ट्रांसफर की गई है।

### सेल्समैन से 1.02 लाख की ठगी

सोशल मीडिया पर कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का लालच साइबगर ठग ने इंस्टाग्राम पर रील वायरल की। इंस्टाग्राम और टेलीग्राम के जरिए फैले 6 हजार लगाओ, 85 हजार पाओ के जाल में गोहलपुर थाना अंतर्गत त्रिमूर्तिनगर में रहने वाले एक सेल्समैन फंस गया और ठगी का शिकार बन गया। कर्ज से परेशान पीड़ित को 3 घंटे में भारी मुनाफे का झांसा देकर ठगों ने 1,02,125 ऐंठ लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, त्रिमूर्तिनगर (गोहलपुर) निवासी चंद्रकांत माव (53) एक निजी कंपनी में सेल्समैन का काम करता है । आदित्य बिरला कैपिटल फाइनेंस से लोन ले रखा है। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वे लोन की किस्तें समय पर नहीं चुका पा रहे थे और मानसिक तनाव में थे। इसी दौरान घर पर मोबाइल चलाते समय उनकी इंस्टाग्राम आईडी पर एक रील सामने आई।

**आरोप** ▶ एक ही काम की निविदाऐं लगातार तीन से चार बार जारी की जा रही हैं

## ननि में गहराया वित्तीय संकट, विकास कार्य ठप्प : कांग्रेस पार्षद दल




**नवभारत, जबलपुर।** केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और नगर सरकार पर एक ही दल की ट्रिपल इंजन सरकार होने के बड़े-बड़े दावों के बीच संस्कारधानी का नगर निगम गहरे वित्तीय संकट में घिर गया है । विकास कार्यों में हो रही अत्याधिक देरी, ठेकेदारों के काम छोड़ने और निगम में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर सोमवार को पत्रकारवार्ता आयोजित कर कांग्रेस पार्षद दल ने कई आरोप लगाए हैं।

नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि शहर की आर्थिक स्थिति इस कदर चरमरा गई है कि विकास कार्यों के लिए एक ही काम की निविदाऐं(टेण्डर) लगातार तीन से चार बार जारी की जा रही हैं, इसके बावजूद वित्तीय संकट और पुराने भुगतानों को लेकर बनी अनिश्चितता के चलते ठेकेदार काम करने से पीछे हट रहे हैं । नतीजा यह है कि शहर की कई महत्वपूर्ण और बड़ी परियोजनाऐं ठंडे बस्ते में चली गई हैं, जिससे आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है । वहीं जनता के टैक्स के रूपयों का खुलेआम दुरूपयोग हो रहा है । स्थिति यह है कि पार्षदों को अपने वार्डों के विकास के लिए मिलने वाले पार्षद मद के स्वीकृत कार्य भी पिछले दो-दो वर्षों से लटके हुए हैं ।

### आंदोलन की दी चेतावनी

कांग्रेस पार्षद की प्रमुख मांगों में नगर निगम द्वारा वित्तीय श्वेत पत्र जनता के सामने रखना, बकाया भुगतान करना शामिल है। इस दौरान कांग्रेस पार्षद दल ने चेतावनी दी है कि नगर निगम प्रशासन ने राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता नहीं दी और वित्तीय अव्यवस्था को दूर नहीं किया, तो कांग्रेस पार्षद दल आम जनता को साथ लेकर सड़कों पर उतरने और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा । पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी, पार्षद सर्वश्री संतोष दुबे पंडा, श्रीमती मुकीमा याकूब अंसारी, सतेन्द्र चैबे, अख्तर अंसारी, हर्षित यादव, प्रमोद पटेल, राकेश पाण्डे एवं पूर्व पार्षद ताहिर अली उपस्थित रहे ।